हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार 12 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 9.3 डिग्री

12 15 को महाशिवरात्रि, कंबास के प्राचीन शिव ...


12 हरियाणा सुपर 100 के लिए 1715 छात्रों ने दी लेवल-1 ...


खबर संक्षेप

### सूने घर से नकदी और आभूषण चोरी

**यमुनानगर।** जठलाना में चोरों ने रात को घर में घुसकर 50 हजार रुपये कैश तथा सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जठलाना निवासी अयूब ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि छह फरवरी की रात को घर पर सो गया था। सुबह जागे तो उन्हें घर में सामान बिखरा मिला। जांच करने पर घर से अलमारी में रखकर 50 हजार रुपये, पाजेब, चांदी की चेन, सोने की अंगूठी, बच्चों की चांदी की पाजेब, सोने का नाथ टीका, चांदी की अंगूठी व अन्य आभूषण गायब मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी।

### नशीली गोलियों के साथ दो लोग गिरफ्तार

**करनाल।** जिला पुलिस करनाल द्वारा नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए असंध की टीम ने दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। इनके पास से 612 ट्रामाडोल कैप्शूल व 600 अल्प्राजोलम गोलियां बरामद की गई है। यह कार्रवाई सीआईए असंध इंचार्ज निरीक्षक सुलिंदर सिंह के नेतृत में किया गया।

### हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने गांव रायपुर के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 26 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपी से पकड़ी गई हेरोइन की कीमत 80 हजार रुपये है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। 10 फरवरी को गश्त के दौरान गांव रायपुर के पास काबुल कॉलोनी में एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। आरोपी को काबू कर तलाशी ली तो उसके पास से 26 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान काबुल कॉलोनी गांव रायपुर निवासी तालिब के रूप में हुई।

### घर में घुसकर मारपीट करने पर आठ पर केस

**यमुनानगर।** जगाधरी की गुलाब नगर कॉलोनी में कहासुनी होने पर कुछ युवकों ने घर में घुसकर व्यक्ति को पीट कर घायल कर दिया। आरोपियों पर जाति सूचक शब्द बोलने का भी आरोप है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दो आरोपी युवकों को नामजद करते हुए आठ अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गुलाब नगर जगाधरी निवासी मनीष कुमार ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि नो फरवरी को रात साढे नौ बजे वह कॉलोनी में ही किसी काम से जा रहा था। इस दौरान रास्ते में उसकी कॉलोनी के ही लवप्रीत उर्फ लव तथा उसके साथी विनीत राणा के साथ किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने अपने आधा दर्शन से अधिक साथियों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी लवप्रीत और विनीत राणा को नामजद करते हुए आठ अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### सड़क किनारे मिला अज्ञात का शव

**पानीपत।** पानीपत के गांव कारद के पास सड़क किनारे अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला है। मृतक की शिनाख्त नहीं हुई है। राहगिरों की सूचना पर थाना इसराना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। मृतक के पास ऐसा कुछ नहीं मिला जिससे उसकी पहचान हो सके। पुलिस ने जांच पूरी होने के बाद शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया। वहीं, अज्ञात की हत्या की गई या फिर वह किसी वाहन की चपेट में आकर काल का ग्रास बन गया, इसकी पुलिस जांच कर रही है।

ज्योतिसर गांव के पास बड़ा सड़क हादसा

## कुरुक्षेत्र की नहर में गिरी प्लाई से भरी पिकअप, बाइक सवार को बचाने के चक्कर में स्विफ्ट से भिड़ी, जाल में अटकी कार



पिहोवा। पिहोवा रोड पर भाखड़ा नहर में गिरी प्लाई से लदी पिकअप गाड़ी। फोटो: हरिभूमि

**पिकअप ड्राइवर समेत 2 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिहोवा

ज्योतिसर से जा रही नरवाना ब्रांच नहर में अनियंत्रित होकर एक बोलेरो गिर गई। बोलेरो के गिरने पर वहां राहगीर एकत्रित हो गए। राहगीरों ने बोलेरो सवार दो व्यक्तियों को सकुशल बाहर निकाला। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोर प्रगट सिंह को सूचित किया। जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर बाद एक कार चालक ने ज्योतिसर में नरवाना ब्रांच नहर के पुल पर नारियल प्रवाहित करने के लिए कार को अचानक ब्रेक लगा दी। इससे पीछे आ रही बोलेरो कार अनियंत्रित होकर ग्रिल तोड़ते हुए नहर में गिर गई। बोलेरो कार में दो लोग सवार थे। बोलेरो चालक हरजीत सिंह ने बताया कि वह यमुनानगर से प्लाइंयां लेकर पिहोवा जा रहा था। आगे जा रही कार द्वारा अचानक से ब्रेक लगाने पर उनकी बोलेरो कार अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। बोलेरो कार के आगे एक मोटसाइकिल व स्वीफट कार भी जा रही थी। हादसे के कारण स्विफ्ट कार नहर किनारे लगी रेलिंग से टकराकर वही रूक गई। स्विफ्ट कार में चार लोग सवार थे। वही मोटरसाइकिल चालक भी सुरक्षित है। ज्योतिसर चौकी इंचाज संदीप कुमार ने बताया कि अनियंत्रित होकर बोलेरो पिकअप गाड़ी नहर में गिर गई है और एक स्विफ्ट कार भी क्षतिग्रस्त हुई है। किसी की जान की हानि नही हुई है। हाइड्रा की मदद से पिकअप गाड़ी को बाहर निकाला जाएगा।

#### अचानक ब्रेक लगाने से हादसा

यह ब्रेक इतना अचानक था कि पीछे आ रहे बाइक सवार को बचाने के लिए पिकअप नहर के पास रुकी स्विफ्ट कार से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्विफ्ट कार नहर के जाल में फंस गई, जबकि पिकअप ने जाल तोड़ते हुए सीधे नहर में गिर गई। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस और गोताखोर को सूचना दी।


### रिटायर्ड सैन्य अधिकारी से ट्रेडिंग के नाम पर 9 लाख की ठगी

**अंबाला।** साइबर अपराधियों ने अब सैन्य अधिकारियों को अपना निशाना बनाना शुरू कर दिया है। कैंट के गोविंद नगर की रहने वाली एक सेवानिवृत्त महिला सैन्य अधिकारी से ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग और पीएमएस अकाउंट के नाम पर 8.92 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। साइबर थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर संगठित गिरोह के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता अनुपमा चौधरी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि नवंबर 2025 में उनके पास अमोल सरवाडे नामक व्यक्ति का फोन आया। उसने खुद को ट्रेडिंग एक्सपर्ट बताते हुए व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल कर लिया।

पिहोवा में शादी समारोह में नवविवाहित जोड़े को दिया आशीर्वाद

## बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी सरकार की प्राथमिकताः सीएम

» *डबल इंजन सरकार लाभार्थी का पैसा सीधा उसी आदमी के खाते में जाए इस गारंटी के साथ कर रही है काम*



पिहोवा। वर-वधू को आशीर्वाद देते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिहोवा

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मोदी सरकार की गारंटी पर देश की जनता को विश्वास है। डबल इंजन सरकार लाभार्थी का पैसा सीधा उसी आदमी के खाते में जाए इस गारंटी के साथ काम कर रही है। बुजुर्गों का सम्मान करना तो प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बुजुर्गों के हितों की हमेशा बात की है और हमने भी अपने संकल्प पत्र में भी कहा था कि 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को अगर किसी प्रकार की दिक्कत आती है या फिर उनका स्वास्थ्य खराब होता है, तो उनके इलाज की चिंता उनके परिवार को नहीं करनी, बल्कि इलाज की चिंता मोदी सरकार और हरियाणा सरकार करेगी। इसी के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गो को 5 लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त दिया जा रहा है। सीएम नायब सिंह सैनी पिहोवा के शांति फार्म में आयोजित पिहोवा निवासी मनोहर लाल शर्मा के पुत्र हितेश शर्मा व अंबाला निवासी दीपक शर्मा की पुत्री छवि शर्मा के शादी समारोह में नवविवाहित को आशीर्वाद देने के लिए पहुंचे थे।

#### किसी की पेंशन नहीं काटी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में जब किसी पेंशन लाभार्थी की मृत्यु हो जाती है तो नियमानुसार उसकी पेंशन स्वतः बंद कर दी जाती है। लगभग 1 लाख 3 तीन हजार ऐसे लाभार्थी हैं, जिनकी मृत्यु के उपरांत पेंशन बंद की गई है। अक्टूबर 2024 से रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया पोर्टल में किसी तकनीकी समस्या के कारण प्रदेश सरकार को हरियाणा में मृत हुए व्यक्तियों का डाटा नहीं मिला था। यह डाटा नवंबर, 2025 में प्राप्त होने के बाद एकमुश्त में ऐसे मृतकों की पेंशन कटी है।

#### डाटाबेस में छेड़छाड़ कर पेंशन बनवाई

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि लोगों ने डाटाबेस में छेड़छाड़ करके पेंशन स्वीकृत करवा ली थी। इन लाभार्थियों की पेंशन स्थगित कर दी गई है। इसके अलावा कुछ मामलों में स्थानीय समिति एवं सेक्टर समिति द्वारा आय आधारित पात्रता का सत्यापन नहीं किया गया था। ऐसे मामलों में आय का प्रमाण दिया जाएगा तो तुंरत उसका सत्यापन करवाया जाएगा और प्रमाण सही पाए जाने पर पेंशन बहाल कर दी जाएगी। इस दौरान उनके साथ कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, खेलमंत्री गौरव गौतम, कालका विधायक शक्ति रानी भी मौजूद रही।

## शंकर वूलन मिल में आग लगने से नुकसान

» दमकल की12 गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। शंकर वूलन मिल में दहकती आग। फोटो: हरिभूमि

पानीपत के शक्ति नगर स्थित शंकर वूलन मिल में बुधवार की सुबह करीब छह बजे आग लग गई। आग ने पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना पर एक के बाद एक दमकल के चार टेंडरों को घटनास्थल पर भेजा गया। लेकिन घटनास्थल की ओर जाने वाली गलियां संकरी होने के चलते दमकल की गाडियां घटनास्थल तक नहीं पहुंच सकी। दमकल टीम ने फैक्ट्री परिसर से लगते घरों को खाली करवाया। एक के बाद एक 12 टेंडरों को मौके पर बुलाया गया और इस क्षेत्र की बिजली की आपूर्ति बंद कर दी गई।

#### 20 घरों में आई दरारें

शंकर वूलन मिल में लगी आग के चलते मिल में रखा कच्चा व तैयार माल, मशीनें जल गए, जबकि फैक्टरी का भवन भी भविष्य में मानव के प्रयोग के लायक नहीं हर गया है। इधर, मिल में लगी आग के कारण इससे लगे 20 घरों की दीवारों में दरारें आ गई।

#### शॉट सर्किट से आग

शंकर वूलन मिल में लगी आग की दमकल टीम ने जांच शुरू कर दी है। वहीं दमकल टीम यह पता लगने का प्रयास कर रही है मिल में आग कैसे लगी और कितना आर्थिक नुकसान हुआ। इधर, माना जा रहा है कि आग बिजली के शॉट सर्किट के कारण लगी होगी।

» यमुनानगर के गांव रपौली के पास हुआ हादसा

## ट्रैक्टर-ट्राली से टकराने से बाइकर्स की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर




गांव रपौली में रास्ते में बिना रिफ्लेक्टर के खड़े ट्रैक्टर-ट्राली से टकराने पर बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक व्यक्ति सुबह अपने अपनी बाइक पर पशुओं को चारा डालने व दूध निकालने के लिए जा रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर-ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव रपौली निवासी महिंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई 45 वर्षीय जसविंद्र सिंह लगभग एक साल से गांव नमदारपुर निवासी हरविंद्र सिंह के पास नौकरी करता था। वह प्रतिदिन तड़के हरविंद्र के पशुओं को चारा डालने और दूध निकालने के लिए काम पर जाता था। सुबह उसका भाई जसविंद्र सिंह रोज की तरह अपनी मोटरसाइकिल पर काम के लिए घर से निकला था। गांव में कुछ दूरी पर सड़क के बीचों बीच ट्रैक्टर ट्रॉली बिना किसी संकेतक, रिफ्लेक्टर व चेतावनी बोर्ड के खड़ी थी। जिससे दूर से उसका पता नहीं चल सकता था। अंधेरे के कारण उसके भाई की बाइक सड़क के बीच में खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। जिससे जसविंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने उसके भाई को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश की अदालत (फास्ट ट्रैक स्पैशल कोर्ट) ने हत्या करने के



आरोपी दसई वासी गणेश सिरसिया जिला मोतीहारी बिहार को आजीवन कठोर कारावास व जुमार्ने की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए जिला उप न्यायवादी दीपक अग्रवाल ने बताया कि 5 जुलाई 2022 को रामचन्द्र वासी गणेश सिरसिया जिला मोतीहारी बिहार ने हाल वासी अम्बाला कैंट ने थाना सदर पेहवा पुलिस को दिये अपने बयान में बताया कि वह मेहनत मजदूरी का काम करता है। उसके पास तीन लड़के व चार लड़की हैं जिनमें सबसे बडा लड़का राजेश कुमार शादीशुदा है और उसके पास तीन लड़के हैं। उसके लड़के की करीब तीन साल पहले मौत हो गई थी। उसके लड़के राजेश कुमार की पत्नी मुन्नी देवी व बच्चे गांव ईशाक जिला कुरुक्षेत्र में एक मकान में किराये पर रहते हैं। उसी गांव में दसई वासी गांव गणेस सिरसिया जिला मोतीहारी बिहार भी रहता है। 3 जुलाई 2022 को उसकी पुत्रवधु मुन्नी देवी अपने बच्चों को खाना खिलाकर सो गई थी। जब रात को करीब सवा 12 बजे उसके पोते की आंख खुली तो उसने देखा कि उसकी माता बिस्तर पर नहीं है। वह घर में देखने लगा तो उसकी मां मुन्नी देवी बाथरुम में गिरी हुई मिली। उसने अपने भाई व पडोसियों को बताया तो उन्होंने देखा कि मुन्नी देवी की मौत हो चुकी थी। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई थी। बयान पर थाना सदर पेहवा में हत्या का मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी थी।

## मुनाफे का लालच देकर प्रिंसिपल से 24 लाख रुपये की ठगी

**कुरुक्षेत्र।** साइबर ठगों ने सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल को इन्वेस्टमेंट में फंसाकर दो महीने में 24 लाख रुपये ठग लिए। पैसे इन्वेस्ट करने के बाद प्रिंसिपल ने ऐप से पैसे निकालने की कोशिश तो ठग ने कमीशन के पैसे जमा करने की धमकी दी। ठग ने इंस्टाग्राम पर प्रिंसिपल को मैसेज कर संपर्क किया था। पुलिस को करनाल के रहने वाले सुखदेव सिंह ने बताया कि वे शाहाबाद के सरकारी स्कूल में प्रिंसिपल हैं। दिसंबर में उनकी इंस्टाग्राम आईडी पर एक लड़की का मैसेज आया। उसे लड़की ने खुद को इन्वेस्टर बताया और उनको अच्छा प्रॉफिट दिलाने का भरोसा दिया। वे उस लड़की की बातों में आ गए। उन्होंने लिंक खोला और लड़की के दिए नंबर पर पैसे ट्रांसफर करने शुरू कर दिए। उन्होंने करीब 2 महीने में अपने और अपनी पत्नी के खाते से करीब 24 लाख रुपए निकाल कर लड़की के बताए अकाउंट में इन्वेस्ट कर दिए।

## तीन युवकों से विदेश भेजने के नाम पर हड़पे 12 लाख रुपये

**यमुनानगर।** थाना छप्पर क्षेत्र में विदेश भेजने के नाम पर तीन युवकों से 12 लाख रुपये हड़प लिए गए। पुलिस ने तीनों मामलों की जांच के बाद पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव सारण निवासी विक्रम सैनी ने बताया कि वह तथा पंकज विदेश जाना चाहते थे। उनकी मुलाकात सतबीर सिंह, कारणदीप, अमनदीप व दिव्या के साथ हुई। आरोपियों ने उन्हें ऑस्ट्रेलिया भेजकर वर्क वीजा का झांसा दिया। आरोपियों ने उन दोनों से 18 जून 2024 से लेकर 30 जून 2024 के बीच नौ लाख 72 हजार रुपये व दस्तावेज ले लिए। इसके बाद भी आरोपियों ने उन दोनों को ऑस्ट्रेलिया नहीं भेजा। इस पर केस दर्ज करवाया गया। उधर, बरवाला निवासी गौरव ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह विदेश जाना चाहता था। इस दौरान अगस्त 2023 में उसकी मुलाकात गौरव मलिक के साथ हुई। आरोपी ने उसे विदेश भेजने के नाम पर दो लाख पांच हजार रुपये ले लिए मगर इसके बाद आरोपी ने उसे विदेश नहीं भेजा।

रविवार को दिया था धरना, फैक्ट्री संचालकों ने दो दिन की मांगी थी मोहलत

## इथेनॉल फैक्ट्री से निकलने वाले प्रदूषण व राख को लेकर किसान फैक्ट्री के बाहर धरने पर बैठे



इंद्री। गांव कादराबाद के पास लगी एथेनॉल फैक्ट्री के गेट पर धरने पर बैठे किसानों को संबोधित करते भाकियू नेता मंजीत लालर। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री

कुरुक्षेत्र रोड पर गांव कादराबाद के पास लगी इथेनॉल फैक्ट्री से निकलने वाले प्रदूषण व राख से क्षेत्र के किसानों में लगातार रोष पनपता जा रहा है। बुधवार को फैक्ट्री के आसपास के गांवों के किसानों व भाकियू सदस्यों ने काफी संख्या में इकट्ठा होकर प्रदूषण व राखी से निजात दिलवाने को लेकर एथेनॉल फैक्ट्री के गेट पर धरने पर बैठ गए और फैक्ट्री प्रबंधकों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस मौके पर भाकियू (चढ़ूनी) के हलका प्रधान मंजीत लालर, किसान सतनाम सिंह, जय भगवान, राहुल कलसौरा, लखविन्द्र सिंह, हरपाल सिंह, कर्मजीत, अंग्रेज सिंह, कुलदीप सिंह, राजेश, रमेश, शमशेर सिंह, प्रभजोत सिंह, विजय व प्रवीन कुमार आदि किसानों ने बताया कि एथेनॉल फैक्ट्री से निकलने वाले प्रदूषण व राख उनकी फसलों पर गिर रही है जिससे फसलें खराब हो रही है। फैक्ट्री से निकलने वाले प्रदूषण व राख से क्षेत्र वासियों में सांस व एलर्जी जैसी बीमारियां भी पनपने लगी है। किसानों ने बताया कि करीब 2 घंटे तक चले धरना प्रदर्शन के बाद फैक्ट्री संचालकों ने किसानों के 10 सदस्यों के प्रतिनिधि मंडल को फैक्ट्री के अंदर बुलाया और बातचीत कर आश्वासन दिया कि उन्होंने इंजीनियर बुलाया हुआ है। स्थाई समाधान नहीं हुआ तो अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगे।

#### किसानों ने की नारेबाजी

रविवार को भी किसानों ने इथेनॉल फैक्ट्री से निकलने वाले प्रदूषण व राखी से निजात दिलवाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था जिससे लेकर फैक्ट्री संचालकों ने प्रदूषण व राख की समस्या को हल करवाने के लिए दो दिन का समय मांगा था लेकिन बुधवार तक समस्या का हल नहीं होने के कारण किसानों का गुस्सा फुटा और किसानों ने एथेनॉल फैक्ट्री के गेट पर बैठ कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

#### फसलें हो रही हैं खराब

किसान अंग्रेज सिंह ने बताया कि उसकी जमीन एथेनॉल फैक्ट्री के बिलकुल पास है उसकी धनियां की सारी खेती पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। जिससे लाखों रुपयों का नुकसान हो गया है। किसानों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ है।

### सिंगापुर में भी भारतीय योग की छाप, दिनेश ने दैनिक जीवन में योग के महत्व पर डाला प्रकाश



**करनाल।** योग शिक्षक एवं मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संचालक दिनेश गुलाटी ने अपनी सिंगापुर यात्रा के दौरान वहां के नागरिकों को योगाभ्यास करवाया। इस दौरान उन्होंने योग के लाभों, दैनिक जीवन में इसके महत्व और सही विधि से अभ्यास करने की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी। दिनेश गुलाटी ने बताया कि योग हमेशा अनुभवी शिक्षक के मार्गदर्शन में शुरू करना चाहिए। उन्होंने सूक्ष्म व्यायाम, आसन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास करवाते हुए बताया कि सुबह का समय योग के लिए सर्वोत्तम माना जाता है। योग के माध्यम से तनाव हार्मोन कोटिसोल कम होता है तथा ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल और हृदय गति नियंत्रित रहती है। सिंगापुर के नागरिकों ने पूरे उत्साह से योग क्रियाएं कीं और दिनेश गुलाटी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नियमित योग अभ्यास शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है।

**खबर संक्षेप**

## कैंप में ग्रामीणों को जल संरक्षण पर किया जागरूक




**रादौर।** कस्बा रादौर के गांव घेसपुर में एब्ल्यूएसएसओ जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से जल अर्पण दिवस मनाया गया। मौके पर विभाग की ओर से कैंप लगाकर ग्रामीणों को जल बचाने बारे जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि कमल कुमार ने की। कुमार ने भी ग्रामीणों को जल बचाने व जल संरक्षण बारे प्रेरित किया तथा ग्रामीणों को जल की महत्वता बताई। सरपंच और अन्य सदस्यों के साथ बातचीत के माध्यम से पेयजल व्यवस्था संबंध में विस्तार से जाना गया। इस अवसर पर एब्ल्यूएसएसओ कमेटी सदस्य, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर, पम्प ऑपरेटर सुशील, सुलहदेव, ग्राम जल एवं सीवरेज समिति सदस्यों, गांव की ग्राम विकास समितिए पंचायत सदस्य सोनू सैनी कमल पाल, सुशील कुमार आदि मौजूद रहे।

## धर्म का पालन करने से मिलता है सुख : नवीन

**पानीपत।** पानीपत के कप्तान नगर स्थित श्री श्याम मंदिर में चौथा श्री श्याम वार्षिक महोत्सव मंगलवार रात को बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसमें भजन गायकों ने भगवान खाटू श्याम के भजनों की अमृत वर्षा की। इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया और वार्ड पार्षद अशोक कटारिया ने बाबा के आशीर्वाद के साथ गणेश वंदन के कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इधर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने कहा पानीपत एक औद्योगिक नगरी के साथ साथ धार्मिक नगरी भी है शहर में ऐसे कार्यक्रम होते रहते हैं जिससे लोगों में भगवान के प्रति आस्था बढ़ती है और लोग श्याम बाबा के आशीर्वाद से दिन रात जरूरतमंद लोगों की मदद करते हैं।

## भारत विश्व गुरु बनने की राह पर-रणदीप

**पानीपत।** आर्य बाल भारती विद्यालय परिसर में महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ बनाई गई। वहीं, जयंती समारोह के मुख्य अतिथि आर्य समाज ख़ैल बाजार के प्रधान राजेश आर्य रहे। जबकि बलराज एलाहाबादी राकेश कादियान, प्राचार्य अशोक आर्य और आर्य समाज काबडी के उप प्रधान ओम दत्त आर्य विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। जबकि विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने कहा कि ऋषि दयानंद ने संसार से अशिक्षा, अंधविश्वास, छुआछूत और आडंबर को समाप्त करने के लिए ही जन्म लिया था। उन्होंने खुलासा किया ऋषि दयानंद के बताएं मार्ग पर चलते हुए विश्व में दस हजार से अधिक आर्य समाज की संस्थाएं वैदिक धर्म की पताका विश्व स्तर पर फहरा रही है। इसके अलावा सभी आर्य शिक्षण संस्थानों में शिक्षा के साथ-साथ वैदिक संस्कार देने का कार्य भी बेहतर ढंग से किया जा रहा है।

### भाजपा कार्यालय यमुना कमल में मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

# सबका साथ सबका विकास उपाध्याय के विचारों की जीवंत अभिव्यक्ति : बहमनी

भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मनाई गई पंडित दीन दयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय यमुना कमल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई। इस उपलक्ष्य में समर्पण दिवस जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक घनश्यामदास अरोड़ा मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम मेयर सुमन बहमनी ने की । भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया कि कार्यक्रम में मौजूद सदस्यों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी गई। नगर निगम मेयर सुमन बहमनी ने स्वर्गीय दीनदयाल उपाध्याय को निस्वार्थ कर्मयोगी और महान विचारक बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि एकात्म मानव दर्शन के माध्यम से दिया गया अंत्योदयश का मंत्र समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की प्रेरणा देता है, जो विकसित भारत के निर्माण की बुनियाद है। राष्ट्र सेवा और समर्पण के उनके आदर्श सदैव मार्गदर्शन करते रहेंगे। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास की भावना उनकी विचारधारा की जीवंत अभिव्यक्ति है और राज्य सरकार गांव, गरीब, किसान, महिला तथा समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में मौजूद भाजपा जिला महामंत्री नरेंद्र सिंह राणा, भाजपा जिला महामंत्री प्रवीण खदरी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी, चेयरमैन रमेश चंद ठसका, वरिष्ठ भाजपा नेत्री प्रीति जौहर, चेयरमैन रूपींदर सिंह मल्ही, पूर्व विधायक ईश्वर पलाका, पूर्व विधायक बलवंत सिंह, पूर्व विधायक बिशन लाल सैनी, पूर्व चेयरपर्सन रोजी मलिक आनंद, राम निवास गर्ग आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। पंडित दीन दयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते विधायक।

### पंडित दीनदयाल के विचार लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोतः विधायक

विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने स्वर्गीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका विचार दर्शन आज भी भारतीय राजनीति और समाज जीवन के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक प्रमुख राजनीतिक चिंतक, अर्थशास्त्री और भारतीय जनसंघ के प्रमुख नेताओं में से थे। वे अपने दार्शनिक सिद्धांत एकात्म मानव दर्शन के लिए विशेष रूप से जाने जाते हैं। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि उनकी विचारधारा का मूल आधार यह था कि विकास केवल भौतिक प्रगति तक सीमित न रहकर भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने व्यक्ति, समाज और प्रकृति के बीच संतुलन और सामंजस्य पर जोर दिया। उनके अनुसार, आर्थिक नीतियों का उद्देश्य केवल उत्पादन और उपभोग बढ़ाना नहीं, बल्कि मानव के समग्र विकास को सुनिश्चित करना होना चाहिए।



रादौर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय को नमन करते सतपाल कांबोज व अन्य।

### दीनदयाल उपाध्याय को भेंट की श्रद्धांजलि

**रादौर।** भरतीय जनता पार्टी द्वारा बुधवार को गांव मंधार में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता मास्टर सतपाल कांबोज ने की। ग्रामीणों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि भेंट की। इस अवसर पर मास्टर सतपाल कांबोज ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्टीय स्वयंसेवक संघ के चिंतक और संगठनकर्ता थे। वह भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद नामक विचारधारा दी। 1967 तक उपाध्याय भारतीय जनसंघ के महामंत्री रहे। 1967 में कालीकट अधिवेशन में उपाध्याय भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वह मात्र 43 दिन जनसंघ के अध्यक्ष रहे। इस अवसर पर जितेंद्र, कुलदीप, सुरजभान, अशोक, यशपाल, कृष्ण देव, विकास व अंकुश आदि मौजूद रहे।

# जिले में वर्ष 2025 में 3073 टीबी मरीजों का हुआ निदान




यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित बैठक में भाग लेते अधिकारी।

- जिला सचिवालय में जिला टीबी फोरम की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला सचिवालय में जिला टीबी फोरम की बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता अतिरिक्त जिला उपायुक्त नवीन आहूजा ने की। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र सिंह व उप सिविल सर्जन टीबी डॉ. चारू कालरा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य राष्टीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में संचालित योजनाओं की जानकारी साझा करना तथा विभिन्न विभागों के आपसी सहयोग से टीबी मुक्त यमुनानगर की दिशा में ठोस कदम उठाना रहा।

बैठक में डॉ. चारु कालरा ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से टीबी के लक्षणों, जांच एवं उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रस्तुति के दौरान जिले से संबंधित टीबी का वर्षवार आंकड़ा भी प्रस्तुत किया गया। जिसमें बताया गया कि वर्ष 2024 में कुल 3382 टीबी मरीजों का निदान किया गया। जबकि वर्ष 2025 में 3073 टीबी मरीजों का निदान किया गया। इन आंकड़ों के माध्यम से जिले में टीबी नियंत्रण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों एवं प्रगति को रेखांकित किया गया। सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया गया कि टीबी एक पूर्णत इलाज योग्य बीमारी है। बशर्ते समय पर जांच एवं नियमित उपचार सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर एचआईवी के नियंत्रण एवं रोकथाम से संबंधित अधिकारियों का प्रशिक्षण भी आयोजित किया गया। बैठक में सभी विभागों से अपेक्षा की गई कि वह अपने-अपने क्षेत्र में टीबी के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु सक्रिय भूमिका निभाएं। शिक्षा विभाग को विद्यालयों के माध्यम से विद्यार्थियों में टीबी के प्रति जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए गए। पंचायती राज विभाग को प्रत्येक गांव में टीबी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने तथा जांच शिविरों में सहयोग देने के लिए कहा गया।

# शिविर में 582 लोगों के स्वास्थ्य की हुई जांच

- रादौर विधानसभा में सांसद जिंदल की ओर से 11वां स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



**रादौर।** सांसद नवीन जिंदल द्वारा रादौर विधानसभा क्षेत्र में 11वां निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फरकपुर में आयोजित किया गया। शिविर में 582 लोगों ने स्वास्थ्य की जांच की गई। सांसद कार्यालय प्रभारी एवं पूर्व आईएएस अधिकारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि शिविर के दौरान नेत्र परीक्षण एवं उपचार, दंत परीक्षण एवं उपचार, स्त्री रोग जांच एवं परामर्श, स्तन कैंसर की स्क्रीनिंग, सामान्य स्वास्थ्य जांच तथा एनीमिया जांच जैसी सेवाएं अनुभवी चिकित्सकों द्वारा उपलब्ध कराई गई।इसके साथ ही नेत्र परीक्षण के पश्चात जरूरतमंद 140 मरीजों को चश्मे भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर 23 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई है। उनके निशुल्क ऑपरेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# सरकारी योजनाओं से युवा संवार सकते हैं भविष्यः गुप्ता



**रादौर।** ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में बुधवार को उद्यमिता विषय पर लेक्चर का आयोजन किया गया। आयोजन उद्यमिता सैल के अध्यक्ष सुनील कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एक सोच नई सोच एनजीओ, यमुनानगर के संस्थापक शशि गुप्ता मौजूद रहे। शशि गुप्ता ने सभी छात्रों को रोजगार के विभिन्न अवसरों के बारे में बताया और सामाजिक सेवा के लिए प्रेरित किया। इस एक्सपर्ट लेक्चर का उद्देश्य विद्यार्थियों को सरकारी योजनाओं, स्वरोजगार और उद्यमिता के प्रति जागरूक करना था। उन्होंने बताया कि उनकी संस्था 15 से अधिक सरकारी विभागों से जुड़कर समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रही है।

# शहर वासियों को मिलेगी घर की छतों से गुजर रही तारों से निजात : राणा

- घरों के ऊपर से गुजर रही तारों को हटाकर डलेगी केबल तारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा द्वारा लोगों की सुरक्षा को ध्याम में रखते हुए उनके घरों के ऊपर से गुजर रही बिजली की तारों को हटाने का कार्य शुरू करवाया गया। जानकारी देते हुए भाजपा नेता नेपाल सिंह राणा ने बताया कि कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने शहरवासियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बिजली बोर्ड विभाग के सुधारीकरण कार्य के अंतर्गत घरों के ऊपर से गुजर रही बिजली की तारों को हटाकर केबल डालने के कार्य शुरू करवा दिया गया है। राणा ने बताया कि यह पहल शहर को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और आधुनिक बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। शहरवासियों के सहयोग से सुरक्षित और सुंदर शहर बनाने की ओर यह प्रयास स्फल होगा। नेपाल सिंह राणा ने कहा कि हर गांव, हर गली और हर घर तक विकास की रोशनी पहुंचे। आत्मनिर्भर भारत एक देश-एक चुनाव और स्वदेशी को बढ़ावा देते हुए मजबूत राष्ट्र निर्माण की दिशा में निरंतर कदम बढ़ाते रहना है।



यमुनानगर। भाजपा नेता नेपाल सिंह राणा लोगों से मुलाकात करते हुए।

# स्टूडेंट्स को चैलेंजेस के लिए तैयार करने के लिए मॉडर्न टीचिंग मेथडोलॉजी पर दिया जोर

- खालसा कॉलेज में क्वालिटी एजुकेशन के लिए सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज में नई शिक्षा नीति के तहत क्वालिटी एजुकेशन के लिए सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम शुरू किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जम्मू यूनिवर्सिटी और महाराजा रणजीत सिंह पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी बठिंडा के फॉर्मर वाइस चांसलर डॉ. मोहनपाल सिंह, मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद बैंगलोर के डायरेक्टर डॉ. एएन राय व रयात बाहरा यूनिवर्सिटी, मोहाली के पूर्व वाइस चांसलर और सीआईपीयू के एडवाइजर प्रो. डॉ. परविंदर सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य फैकल्टी मेंबर्स को नेशनल एजुकेशन पॉलिसी, नई शिक्षा नीति के विजन, मकसद और असरदार तरीके से लागू करने के बारे में बताना है।

कार्यक्रम में डॉ. मोहनपाल सिंह ने नई शिक्षा नीति 2020 के विजन, हिस्टोरिकल बैकग्राउंड और खास फीचर्स के बारे में डिटेल में बताया। उन्होंने इसे लागू करने में आने वाली चैलेंजेस पर चर्चा की।



यमुनानगर। गुरू नानक खालसा कालेज में भाग लेते मुख्य वाक्ता

### फिल्म से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों पर किया जागरूक



यमुनानगर। लोगों को फिल्म दिखाकर नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते।

**यमुनानगर।** नशे के बढ़ते प्रभाव के खिलाफ लोगों को जागरूक करने को लेकर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा एक अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जगह-जगह पर लोगों को इसके दुष्प्रभाव सबंधी फिल्म भी दिखाई जा रही है। बीती रात संस्था की टीम श्री हनुमान मंदिर रामपुरा कॉलोनी पहुंची। जहां फिल्म दिखाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे जागरूक किया गया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए बहन अमन ने बताया कि फिल्म के तहत कुंभकरण की एक झांकी भी दिखाई गई है जिसके तहत लोगों को यह समझाने का प्रयास किया जा रहा है कि वह कुंभकरण जैसी नींद सोए हुए हैं। आज का मानव अज्ञानता रूपी निद्रा में सोया हुआ है। उसका अज्ञानता से कैसे जागे, जो विषय विकार हमारे ऊपर हावी है। तरह-तरह के नशे जो आज मानव जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

### रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन डिजाइन प्रक्रिया की दी जानकारी

**रादौर।** शहर के जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज में रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन डिजाइन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड के मैनेजर इंजीनियर विकास सुथार उपस्थित रहे। इस अवसर पर इंजीनियर विकास सुथार ने रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन से संबंधित डिजाइन प्रक्रिया, तकनीकी मानक, सुरक्षा उपाय, प्रोजेक्ट प्लानिंग व वर्तमान उद्योग आवश्यकताओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने लाइव प्रोजेक्ट्स के उदाहरण साझा करते हुए छात्रों को इस क्षेत्र में उपलब्ध करियर अवसरों से भी अवगत कराया। निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने कहा कि संस्थान का प्रयास रहता है कि विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि उद्योग से जुड़े व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त हों।



रादौर। कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते मुख्यवक्ता व अन्य।

### आजाद नगर में पानी निकासी पर विधायक व मेयर ने ली अधिकारियों की बैठक

# एसटीपी तक सुनिश्चित किया जाए गंदे पानी का प्रवाह : अरोड़ा

नगर निगम व स्वास्थ्य विभाग संयुक्त रूप से क्षेत्र में जलभराव की समस्या का करें समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

आजाद नगर क्षेत्र में बनी पानी निकासी की समस्या को लेकर निगम कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। इसी मुद्दे को लेकर शहर विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व नगर निगम निगम मेयर सुमन बहमनी ने अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्य उद्देश्य पश्चिमी यमुना नहर में गंदे नालों का पानी छोड़े जाने के मुद्दे को लेकर था।

बैठक में ट्रेनी आईएएस अधिकारी सुमन की उपस्थिति में हुई बैठक में नगर निगम व जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग पीएचईडी के अधिकारियों ने भाग लिया और समस्या के समाधान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान विधायक अरोड़ा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि नगर निगम और जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से क्षेत्र का दौरा करें और जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान करें। ताकि क्षेत्र के लोगों को आवागमन और पानी निकासी की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। मेयर ने सख्त निर्देश दिए कि केवल अस्थायी उपायों से काम नहीं चलेगाए बल्कि दीर्घकालिक योजना बनाकर अमल करना आवश्यक है।विधायक अरोड़ा ने पश्चिमी यमुना नहर में नालों का पानी छोड़े जाने पर आपत्ति जताई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गंदे पानी को सीधे नहर में जाने से रोका जाए और उसका प्रवाह सुनिश्चित रूप से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट एसटीपी तक किया जाए। उन्होंने कहा कि नहर में गंदा पानी जाने से पर्यावरण और पेयजल स्त्रोतों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता।



यमुनानगर। अधिकारियों की बैठक लेते विधायक व निगम मेयर।

### नालों की नियमित सफाई के दिए निर्देशः मेयर

मेयर सुमन बहमनी ने भी अधिकारियों को नालों की नियमित और प्रभावी सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर नालों में गाद और कचरा जमा होने के कारण पानी की निकासी बाधित हो रही है। यदि समय रहते सफाई कर दी जाए तो जलभराव की स्थिति से बचा जा सकता है। उन्होंने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सफाई कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में शादीपुर सहित अन्य प्रभावित इलाकों में भी जलभराव की समस्या पर चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि इन क्षेत्रों का भी सर्वे कर आवश्यक कदम उठाए जाएं। साथ ही, जहां जरूरत हो वहां अतिरिक्त पंपिंग सेट लगाने और सीवरेज लाइनों की मरम्मत कराने के निर्देश भी दिए गए। विधायक और मेयर ने कहा कि उनकी प्राथमिकता है और जल निकासी की समस्या का समाधान शीघ्र किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से समन्वय के साथ कार्य करते हुए जनता को राहत पहुंचाने पर जोर दिया।

# निबंध लेखन प्रतियोगिता में छठी कक्षा की सृष्टि शर्मा रही प्रथम

- न्यू हैप्पी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

न्यू हैप्पी सीनियर सैकेंडरी स्कूल यमुनानगर में बुधवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें टाटा बिल्डिंग इंडिया के तत्वावधान में आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान बच्चों को टाटा बिल्डिंग इंडिया द्वारा दिए गए प्रमाण पत्र व मेडल प्रदान किए गए।

प्रिंसीपल कमलेश सिक्का ने बताया कि हर वर्ष विद्यालय में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। जिसमें जूनियर व सीनियर वर्ग में बच्चों ने हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि जूनियर वर्ग में छठी की सृष्टि शर्मा ने पहला, छठी की रूचि ने दूसरा तथा सातवीं कक्षा की जानवी मेहरा ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसी तरह सीनियर वर्ग में 12वीं कक्षा की रीधिमा प्रथम, सुनैना द्वितीय तथा दसवीं कक्षा की दामिनी प्रजापति तृतीय स्थान पर रही।



## खबर संक्षेप



### जल संरक्षण के बारे में किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** पीएमश्री शहीद सुरेंद्र कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बारना की एनएसएस यूनिट ने कैंप के छठे दिन कार्यक्रम अधिकारी राजवीर सिंह के मार्गदर्शन में जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा विषय पर एक जन जागरण रैली का आयोजन किया। इस अवसर पर अध्यापक अजय गुप्ता, रामप्रसाद, बलवान शर्मा, प्रवीण कुमार, गुरमेल सिंह, मंजू, सीमा, निधि शर्मा सहित मौजूद रहे। रैली के माध्यम से ग्राम वासियों को जागरूक करने का प्रयास करते हुए कार्यक्रम अधिकारी ने जल संरक्षण और पर्यावरण स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से अवगत कराते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ जल उपलब्ध हो सके।

### चक्रवर्ती मोहल्ला निवासियों ने निकाली प्रभातफेरी

**कुरुक्षेत्र।** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार द्वारा चक्रवर्ती मौहल्ला निवासियों द्वारा डॉ. श्याम लाल आहूजा, फतेह चंद गांधी, अजय आहूजा तथा बालि के सहयोग से इस प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज द्वारा गाए गए भजन अमृत वेला बड़ा सुहावना, अमृत वेले अमृत बरसदा..... से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा।

### रोस्ट्रम के प्रथम चरण में आरजू ने मारी बाजी

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास तथा बौद्धिक क्षमता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से गणित विभाग द्वारा रोस्ट्रम 2025-26 प्रतियोगिता के प्रथम राउंड का आयोजन किया गया। जिसमें आरजू (एम.एस.सी. द्वितीय वर्ष) ने प्रथम पुरस्कार, मन्नू (एम.एस.सी. प्रथम वर्ष) ने द्वितीय पुरस्कार तथा वर्षा (एम.एस.सी. प्रथम वर्ष) ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

### डीएवी स्कूल में डेंटल चेकअप कैंप लगाया

**कुरुक्षेत्र।** डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 13 में दो दिवसीय निशुल्क डेंटल चेकअप कैंप लगाया गया। कैंप के दूसरे दिन बुधवार को अग्रवाल डेंटल क्लीनिक के प्रभारी चिकित्सक डा. दीपक अग्रवाल, डा. आरूषि पराशर व डा. विशुद्ध नागपाल ने लगभग 450 बच्चों के दांतों का कअप किया। अग्रवाल डेंटल क्लिनिक के चिकित्सकों ने बच्चों को मौखिक स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में निकाली शोभायात्रा, कृष्ण बेदी ने किया रवाना

# भगवान शिव से जुड़ी झांकियां व भांगड़ा की प्रस्तुति देते बच्चे रहे आकर्षण का केंद्र

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा**

महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में संगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाय की ओर से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। श्री पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी के सचिव एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी व सचिव महंत विश्वनाथ गिरी के सानिध्य में निकाली गई शोभायात्रा को कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने बतौर मुख्यातिथि झंडी दिखाकर रवाना किया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी ने हिस्सा लिया। मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि संगमेश्वर महादेव मंदिर का संचालन कर रहा श्री पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी प्राचीन संस्कृति के संरक्षण के साथ-साथ मानव सेवा की परंपरा को भी आगे बढ़ा रहा है। सचिव महंत रविंद्र पुरी और महंत विश्वनाथ गिरी के प्रयास से आज यह संस्था देश-विदेश में अपनी भव्यता के रूप में पहचान बन चुकी है। ये सब भगवान शिव की कृपा है। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि पर लगने वाले मेले में सरकार व प्रशासन का पूरा सहयोग रहेगा और देशभर से श्रद्धालुओं को संगमेश्वर मंदिर में आकर अपनी मनोकामना मांगनी चाहिए। शोभायात्रा में श्रीमहंत बंसी पुरी और महंत भीम पुरी, महंत धीरज पुरी, महंत विजय गिरी हेलवा, महंत लक्ष्मी नारायण पुरी सहित संत महात्माओं ने अगुवाई की। सनातन संस्कृति से जुड़ी झांकियां, बाबा श्रवणनाथ स्कूल के बच्चों का भांगड़ा, शिव गणों के रूप में सजे कलाकार और बैंड पर झूमते श्रद्धालु सभी के आकर्षण का केंद्र रहे। मंदिर सेवादल के प्रबंधक भूषण गौतम ने बताया कि 14 फरवरी को 11 जरूरतमंद परिवारों की लड़कियों की शादी, रक्तदान शिविर और मेडिकल कैंप लगाया जाएगा।



**पिहोवा।** शोभायात्रा को रवाना करते कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी।

### लाखों श्रद्धालुओं के आगमन की तैयारी

14 और 15 दोनों दिन महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक होगा जिसमें लाखों श्रद्धालुओं के आगमन को लेकर तैयारी की गई है। देर शाम को शोभायात्रा सरस्वती तीर्थ और मेन बाजार से होती हुई संगमेश्वर मंदिर अरूणाय में संपन्न हुई। इस दौरान रास्ते में जगह-जगह लोगों द्वारा संत महात्माओं और श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। इस अवसर पर जनकराज सिंगला, वीरभान गुप्ता, सुरेंद्र गर्ग, श्याम लाल शर्मा, सत्यवान सिंदुरिया,विकल चौबे सरपंच धनीरामपुरा, कर्मबीर हेलवा, सेवादल प्रधान लाभ कश्यप, रमणीक सिंगला, सतीश शास्त्री, शंभू दत्त गौतम, जय नारायण शर्मा, एडवोकेट गुरनाम मलिक, जेपी मेहला रामगढ़, सुखबीर सैनी आदि सहित सैंकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### पिहोवा में आयोजित किसान मेले में जिला परिषद की चेयरपर्सन ने किया संबोधित

## पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना प्राकृतिक फसलों का करें उत्पादन



**पिहोवा।** महिला को सम्मानित करती जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर व भाजपा नेता जयभगवान शर्मा।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा**

जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने कहा कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। प्राकृतिक खेती से किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने, मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार करने और पर्यावरण को बचाने में मदद मिल सकती है। ये शब्द बुधवार को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा आयोजित किसान मेले में जिला परिषद चेयरमैन कंवलजीत कौर ने पिहोवा में आयोजित किसान मेले में बतौर मुख्य अतिथि किसानों को सम्बोधित करते हुए कहे। जिला परिषद की चेयरपर्सन बुधवार को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की तरफ से पिहोवा के किसान सदन में आयोजित किए गए किसान मेले में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थी। इससे पहले कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. कर्मचंद ने जिप चेयरपर्सन कंवलजीत कौर व भाजपा नेता जयभगवान शर्मा को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। जिप चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने किसानों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती एक ऐसी खेती पद्धति है जो मिट्टी और पर्यावरण को बिना नुकसान पहुंचाए फसलों का उत्पादन करती है। भाजपा नेता जय भगवान डीडी शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजना चलाई जा गई है।

### नरायण प्रतिभा खोज परीक्षा का सफल आयोजन, 25,000 विद्यार्थी हुए शामिल

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मिलेंगे पुरस्कार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**

विद्या भारती द्वारा आयोजित नरायण प्रतिभा खोज परीक्षा का सफल आयोजन विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के पाँच प्रांत—जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा एवं दिल्ली—में एक साथ सम्पन्न हुआ। इस परीक्षा के लिए कुल 34,305 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से लगभग 25,000 विद्यार्थियों ने परीक्षा में उपस्थित होकर सहभागिता की। सभी प्रांतों में परीक्षा का आयोजन सुव्यवस्थित, शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में सम्पन्न हुआ। उत्तर क्षेत्र में आयोजित इस परीक्षा में हरियाणा के 62 विद्यालयों, पंजाब के 84 विद्यालयों, जम्मू-कश्मीर के 18 विद्यालयों, दिल्ली के 58 विद्यालयों तथा हिमाचल प्रदेश के 65 विद्यालयों ने सहभागिता की, जिससे परीक्षा की व्यापकता एवं प्रभावशीलता स्पष्ट होती है। यह परीक्षा कक्षा 4 से कक्षा 10 तक तथा कक्षा 11 एवं 12 के विज्ञान एवं वाणिज्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता एवं प्रतिभा की पहचान कर उन्हें प्रोत्साहित करना है। विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के महामंत्री दिलाराम चौहान एवं संगठन मंत्री विजय नड्डा ने जानकारी दी कि परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। परीक्षा का मूल्यांकन कार्य प्रगति पर है तथा परीक्षा परिणाम शीघ्र ही घोषित किए जाएंगे।



## समय पर पहचान एवं नियमित उपचार से मिर्गी पर नियंत्रण संभव : जैन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**

अंतरराष्ट्रीय मिर्गी दिवस के अवसर पर डी. आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की ओर से गाँव टाटका, लोहारा, खैरा एवं टाटकी में मिर्गी जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में दीप पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। रैली को विभिन्न गांवों के ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह जोरदार स्वागत एवं सराहना मिली। मिर्गी से संबंधित वैज्ञानिक जानकारी प्राप्त होने पर ग्रामीणों की अनेक शंकाएं दूर हुईं तथा जागरूकता के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ न्यूरो विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु जैन ने बताया कि मिर्गी एक चिकित्सकीय स्थिति है, जिसे समय पर पहचान एवं नियमित उपचार से प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह न तो कोई अभिशाप है और न ही संक्रामक रोग। सही जानकारी, निरंतर दवा एवं पारिवारिक सहयोग से प्रभावित व्यक्ति सामान्य एवं आत्मनिर्भर जीवन जी सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि भय और अंधविश्वास के स्थान पर समझ और संवेदनशीलता को अपनाना आवश्यक है।



## महिलाएं संगठित होकर सामाजिक व नैतिक जिम्मेदारी निभाएं : डा. दहिया

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र में सामाजिक समता, महिला नेतृत्व और नैतिक जिम्मेदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से बेस्ट 100 महिलाएँ अभियान की औपचारिक शुरूआत के साथ ही सर्वखाप महिला महापंचायत का काफिला लगातार जनसंपर्क और संवाद की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में सर्वखाप महिला महापंचायत की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संतोष दहिया तथा जिला अध्यक्ष विजय भारती ने सामाजिक रूप से सक्रिय महिला सुदेश के निवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की और अभियान के उद्देश्यों पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर सुदेश ने महिलाओं के अधिकारों, सामाजिक न्याय, समान अवसर और सम्मान आधारित समाज के निर्माण की दिशा में चल रही इस पहल को अपना पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि महिलाएँ संगठित होकर सामाजिक-नैतिक जिम्मेदारी निभाएं और सकारात्मक बदलाव की वाहक बनें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे इस अभियान के साथ हर स्तर पर मजबूती से खड़ी रहेंगी। सर्वखाप महिला महापंचायत की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संतोष दहिया ने कहा कि बेस्ट 100 महिलाएँ अभियान का उद्देश्य कुरुक्षेत्र की ऐसी जागरूक, संवेदनशील और नेतृत्व क्षमता वाली महिलाओं को एक साझा मंच पर लाना है।



## स्काउटिंग अनुशासन, सेवा और नेतृत्व का दूसरा नाम : इंदू कौशिक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**

- तीन दिवसीय कब मास्टर एवं फ्लॉक लीडर प्रशिक्षण कैंप का समापन

सेंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल, लोटस ग्रीन सिटी, कुरुक्षेत्र में हरियाणा राज्य भारत स्काउट एवं गाइड, जिला कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कब मास्टर एवं फ्लॉक लीडर प्रशिक्षण कैंप का समापन जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कुरुक्षेत्र श्रीमती इंदू कौशिक द्वारा फ्लैग सेरेमनी के साथ किया गया। इंदू कौशिक ने कहा कि स्काउटिंग अनुशासन, सेवा और नेतृत्व का दूसरा नाम है। उन्होंने बताया कि बच्चों में सीखने के प्रति लगन, आत्मविश्वास और नैतिक मूल्यों का विकास स्काउट, कब एवं बुलबुल की गतिविधियों के माध्यम से प्रभावी रूप से संभव है। जानकारी देते हुए अमित कौशिक, डी.ओ.सी. (कब) ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में जिले के 75 अध्यापकों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागी अध्यापकों ने अपने-अपने विद्यालयों में कब एवं बुलबुल की गतिविधियां नियमित रूप से संचालित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने सभी प्रतिभागी अध्यापकों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान अध्यापक वीरेंद्र सिंह ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी। वहीं, नृत्य कलाकार अभि हरियाणवी की प्रस्तुति को भी उपस्थित अध्यापकों ने खूब सराहा।





## वार्षिक परीक्षाओं की सफलता के लिए वैदिक हवन का भव्य आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में आगामी वार्षिक परीक्षाओं के सफल एवं तनावमुक्त आयोजन की कामना से वैदिक हवन का भव्य एवं संस्कारपूर्ण आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में मानसिक शांति, आत्मविश्वास, एकाग्रता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना रहा, जिससे वे परीक्षा को भय नहीं, बल्कि आत्मविकास के अवसर के रूप में स्वीकार कर सकें। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन द्वारा हुआ। अग्नि के सान्निध्य में आहुतियाँ अर्पित की गईं। विद्यालय के आचार्यगण, पर्यवेक्षक एवं विद्यार्थी पूर्ण अनुशासन और श्रद्धा भाव से हवन में सहभागी बने। मंत्रों की दिव्य ध्वनि से संपूर्ण परिसर आध्यात्मिक शांति से ओतप्रोत हो गया। हवन के पश्चात माँ सरस्वती की वन्दना की गई। विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से विद्या, विवेक, स्मरण-शक्ति एवं सद्बुद्धि की प्रार्थना करते हुए परीक्षा में सफलता हेतु ईश्वर से आशीर्वाद मांगा।



**थानेसर।** बैठक के अवसर पर पदाधिकारी एवं सदस्य।

## बैठक में अग्रवाल धर्मशालाओं के बेहतर रखरखाव के लिए बनाई योजना

**थानेसर।** श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत की एक महत्वपूर्ण बैठक रेलवे रोड अग्रवाल धर्मशाला में मंगलवार को प्रधान विशाल सिंगला की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत की नव निर्वाचित समस्त कार्यकारिणी सदस्यों ने पहुंच कर समाज के उत्थान के लिए नई योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में विशेष तौर पर श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत द्वारा संचालित धर्मशालाओं एवं शिक्षण संस्थाओं के बेहतर रखरखाव के लिए मंथन किया गया। प्रधान विशाल सिंगला ने कहा कि उनका उद्देश्य अग्रवाल समाज के साथ साथ धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के विकास में पर्यटन एवं तीर्थाटन के लिए सहयोग करना है। उन्होंने कहा कि नया शिक्षण सत्र प्रारम्भ होने जा रहा है तो अग्रवाल पंचायत द्वारा संचालित शिक्षण संस्थानों में विकास एवं उत्थान के लिए आधुनिकतम प्रणाली को लागू करने की योजना बनाई गई है। ताकि महाराजा अग्रसेन सीनियर पब्लिक स्कूल मोती चौक एवं दबखेड़ी की पहचान अग्रणीय स्कूलों में बने। इस कार्य के लिए विशेषज्ञों का भी सहयोग लिया जा रहा है। बैठक में उप प्रधान जितेंद्र, महासचिव नवकेतन गोयल बब्बी, सह सचिव अभय मित्तल, कैशियर विशेष गर्ग, कार्यकारिणी सदस्य डा. अनीश सिंगला, सतपाल, जयपाल गुप्ता, कुलवंत गर्ग, गौरव तायल, गौरव मित्तल इत्यादि भी मौजूद रहे।

**परीक्षा** आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को नीट, एनडीए जैसी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग प्रदान करना उद्देश्य

# 6 परीक्षा केंद्रों पर 1795 विद्यार्थियों ने दी हरियाणा सुपर 100 लेवल-1 की परीक्षा

परीक्षा में 50 ऑब्जेक्टिव सवाल थे, कुल 200 अंक का था, और गलत उत्तरों पर निगेटिव मार्किंग की

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**

जिले में हरियाणा सुपर 100 लेवल-1 की परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें कुल पंजीकृत 2568 में से 1795 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। जिला विज्ञान विशेषज्ञ एवं कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि सुपर 100 की परीक्षा के लिए जिला कुरुक्षेत्र में छह परीक्षा केंद्र बनाए गए। हरियाणा सुपर 100 लेवल -1 परीक्षा में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में 438, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाबैन में 157, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाडवा में 230, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, लाडवा में 245, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहाबाद में 480 तथा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पिहोवा में 245 विद्यार्थी उपस्थित रहे। हरियाणा सुपर 100 परीक्षा 22 जिलों में 178 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। खंड शिक्षा अधिकारी शेखर अत्री, जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ तरसेम कौशिक, प्राचार्य लक्ष्मी प्रसाद तथा राजकीय विद्यालय बनी के प्राचार्य राजेश सैनी ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहाबाद मारकंडा सहित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और केंद्र अधीक्षक को जरूरी दिशा निर्देश दिए। परीक्षा प्रातः 12:30 बजे से 2:30 बजे के बीच में संपन्न हुई और सभी परीक्षार्थी परीक्षा शुरू होने से कम से कम 1 घंटा पहले उपस्थित हुए। डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि हरियाणा सुपर 100 कार्यक्रम हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जिसका उद्देश्य राज्य के मेधावी और आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षा प्रदान करना है। डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित मेधावी विद्यार्थियों को नीट, एनडीए, एनआईटी, आईआईटी तथा जेईई अड्वान्स जैसी प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष कोचिंग प्रदान की जाती है।



**कुरुक्षेत्र।** परीक्षा देते विद्यार्थी।

### भोजन तथा अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी

जिला नोडल अधिकारी डॉ तरसेम कौशिक तथा लक्ष्मी प्रसाद ने बताया कि सुपर 100 लेवल 1 की परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को बारना स्थित हरियाणा सुपर 100 केंद्र में तीन दिवसीय प्रशिक्षण के लिए रहना होगा तत्पश्चात सुपर 100 लेवल 2 की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा तथा सुपर 100 लेवल 2 की परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों का दाखिला हरियाणा सुपर 100 केंद्र बारना में किया जाएगा जहां विद्यार्थियों को दो वर्ष के लिए रहना होगा तथा विद्यार्थियों के रहन सहन तथा भोजन की व्यवस्था तथा अन्य सुविधाएं विद्यार्थियों को प्रदान की जाएंगी। उल्लेखनीय है कि हरियाणा सुपर 100 योजना की शुरूआत वर्ष 2018 में हरियाणा सरकार के शिक्षा विभाग एवं विकल्प फाउंडेशन के सहयोग से की गई थी। इस योजना के अंतर्गत अब तक 100 से अधिक विद्यार्थियों का चयन आईआईटी में हो चुका है। इसके अतिरिक्त, लगभग 119 से अधिक विद्यार्थी आईआईटी , एनआईटी एवं अन्य प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों में चयनित हुए हैं। वहीं लगभग 80 विद्यार्थी एम्स एवं विभिन्न सरकारी मेडिकल कॉलेजों में चयनित होकर योजना की सफलता को प्रमाणित कर चुके हैं। डॉ तरसेम कौशिक एवं राजेश सैनी ने बताया कि सुपर 100 परीक्षा का स्वरूप ऑब्जेक्टिव आधारित रहा जिसमें प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए थे। कुल 50 प्रश्न दिए गए थे तथा परीक्षा का कुल अंकभार 200 अंक था। परीक्षा में प्रति गलत उत्तर 1 अंक की निगेटिव मार्किंग थी।

## खबर संक्षेप

### कल होगा किसान मेले का आयोजन

**अंबाला।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की तरफ से 12 फरवरी को जिला में मटहेड़ी शेखां जेपी पैलेस में सुबह 10:00 बजे, जिला स्तरीय किसान मेला का आयोजन किया जाना है। सभी किसानों से कृषि अधिकारियों ने अनुरोध किया कि वे भारी संख्या में किसान मेले में हिस्सेदारी करें। इस दौरान कृषि विभाग में क्रियान्वन विभिन्न योजनाओं प्रधानमत्री फसल बीमा योजनाए प्रधानमत्री किसान सम्मान निधि योजना, फसल अवषेष प्रबंधन, प्राकृतिक खेती व मेरी फसल मेरा ब्यौरा की विस्तार से जानकारी प्रदान की जाएगी।

### बिजली अदालत का कल आयोजन

**अंबाला।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अंबाला शहर के कार्यकारी अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय विद्युत सदन अग्रसेन चौक में 12 फरवरी 2026 को कार्यकारी अभियंता हरीश कुमार की अध्यक्षता में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बिजली अदालत का आयोजन किया जाएगा। कोई भी उपभोक्ता अपनी बिजली से संबंधित शिकायत अदालत के समक्ष रख सकता है। यहां उपभोक्ताओं की सभी तरह की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

### निपुण हरियाणा मिशन को लेकर समीक्षा बैठक

**अंबाला।** निपुण हरियाणा मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने बुधवार को अपने कार्यालय में जिला स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में कई विभागों के अधिकारियों से निपुण हरियाणा मिशन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने कहा कि निपुण हरियाणा मिशन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन) को सुदृढ़ करना है।

### महिलाओं के स्वास्थ्य की हो जांच: एडीसी

**अंबाला।** अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने बुधवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ जिला स्तरीय बैठक के तहत गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच, टीबी मुक्त अभियान के साथ-साथ अन्य विषयों को लेकर समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# 15 को महाशिवरात्रि, कंबास के प्राचीन शिव मंदिर में तैयारियां तेज, महादेव के उद्घोष से गूंजेगा शिवालय

*मेले में आसपास के गांवों के अलावा पंजाब, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु लेते हैं हिस्सा*

रहमदीन ▶▶ बराड़ा

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गांव कम्बास में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में 15 फरवरी को मनाई जाने वाली महाशिवरात्रि को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। मंदिर परिसर में साफ-सफाई, सजावट और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। महाशिवरात्रि के मौके पर मंदिर में 6 से 15 फरवरी तक प्रतिदिन सायं 4 से 6 बजे तक शिव महापुराण का आयोजन निरंतर जारी है। इसके अलावा 14 फरवरी को सांय 4 बजे जागो कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न सुंदर झांकियां देखने योग्य होगी।बता दें कि कंबास गांव अधोया-बाबैन मार्ग पर कुरुक्षेत्र जिले की सीमा से सटा हुआ है और बराड़ा से लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। गांव की पहचान यहां स्थित सैकड़ों वर्ष पुराने शिव मंदिर से है।मंदिर के साथ ही परिसर में सैकड़ों वर्ष पुराना विशाल वट वृक्ष भी मौजूद है जो इसकी प्राचीनता का साक्षी माना जाता है। मंदिर में विराजमान बाबा अरविंद गिरी जी ने बताया कि वर्ष 1947 के विभाजन के समय पाकिस्तान से बाबा कमल गिर कम्बास गांव पहुंचे थे। उन्होंने इसी स्थान पर अपना धूना रमाया था। उसी समय मंदिर का दोबारा जीर्णोद्धार किया गया और तब से यह स्थल श्रद्धा व आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है।


कंबास में स्थित प्राचीन शिव मंदिर।

### प्राचीन समय में यहां थे घने जंगल

मंदिर को लेकर कई मान्यताएं प्रचलित हैं। गांव कंबास के तिलक राज शर्मा ने बताया कि प्राचीन समय में यह क्षेत्र घने जंगलों से घिरा हुआ था। उस दौर में चरवाहे अपने पशुओं को चराने जंगल में जाया करते थे, तभी उन्होंने यहां स्वयंभू शिवलिंग के दर्शन किए। ग्रामीणों का विश्वास है कि यह शिवलिंग अपने आप प्रकट हुआ था। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि यह शिवलिंग महाभारत काल का है और अज्ञातवास के दौरान पांडवों ने यहां शिवलिंग की स्थापना की थी।

### हर वर्ष लगता है मेला

हर वर्ष महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर इस प्राचीन शिव मंदिर में विशाल मेले का आयोजन किया जाता है। मेले में आसपास के गांवों के अलावा पंजाब, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्रद्धालु भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक करते हैं और रात्रि जागरण में भाग लेते हैं। मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से यहां भगवान शिव से मन्नत मांगता है, उसकी मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है। इसी आस्था के चलते महाशिवरात्रि पर मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है।

## शिक्षा विभाग की ओर से परीक्षा के लिए किए गए पुख्ता बंदोबस्त

# सुपर 100 के लिए 1715 छात्रों ने दी लेवल-1 की परीक्षा

**परीक्षा में जिले के सभी सरकारी स्कूलों की कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

प्रदेश सरकार की प्रमुख शैक्षणिक पहल हरियाणा सुपर 100 के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026–28 हेतु लेवल-1 की परीक्षा बुधवार को पूरे जिले में जिला शिक्षा अधिकारी श्री सुधीर कालड़ा के नेतृत्व में शांतिपूर्ण एवं अनुशासित ढंग से ब्लॉक स्तरीय रूप मे संपन्न हुई। इस परीक्षा में जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। लेवल-1 की परीक्षा के लिए जिले से कुल 2047 विद्यार्थियों ने पंजीकृत किया था। इसमें से 1715 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए पूरे जिले में कुल 8 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए थे।परीक्षा का स्वरूप ऑब्जेक्टिव आधारित रहा जिसमें कुल 50 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए तथा परीक्षा का कुल अंकभार 200 अंकों का रहा। परीक्षा में गणित विषय से संबंधित प्रश्न सम्मिलित थे, जिनकी जानकारी विद्यार्थियों को पूर्व में प्रदान की जा चुकी थी। परीक्षा में प्रति गलत उत्तर के लिए 1 अंक(25%) की निगेटिव मार्किंग लागू होगी। परीक्षा का बाकायदा जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा एवं जिला विज्ञान विशेषज्ञ पूजा भारद्वाज द्वारा पर्यवेक्षण भी किया गया। सभी शिक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्वक और व्यवस्थित ढंग से होते मिली। परीक्षा की अवधि दो घंटे की रही । परीक्षा का आयोजन दोपहर 12:30 बजे से 2:30 बजे तक किया गया। लेवल-1 परीक्षा में सफल होने वाले विद्यार्थियों को लेवल-2 (जिला स्तरीय परीक्षा) के लिए चयनित किया जाएगा। लेवल-2 परीक्षा प्रत्येक जिले में ही आयोजित की जाएगी, जिसमें लेवल-1 में सफल विद्यार्थी अपने-अपने जिले में परीक्षा में सम्मिलित होंगे। लेवल-2 परीक्षा में सफल होने वाले विद्यार्थियों को लेवल-3 के लिए हरियाणा सुपर 100 कैंपस, कुरुक्षेत्र में आमंत्रित किया जाएगा। लेवल-3 के अंतर्गत विद्यार्थियों को विशेष रेजिडेंशियल अकादमिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस प्रक्रिया के पश्चात चयनित विद्यार्थियों को निःशुल्क जेईई एवं नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की उच्च स्तरीय तैयारी कराई जाएगी।


अंबाला। परीक्षा का औचक निरीक्षण करते डीइओ सुधीर कालड़ा। फोटो : हरिभूमि

> **परीक्षा का आयोजन दोपहर 12:30 बजे से 2:30 बजे तक किया गया। लेवल-1 परीक्षा में सफल होने पर लेवल-2 के लिए चयनित किया जाएगा।**

# शिविर में 85 बच्चों की जांच 60 को नि:शुल्क चश्मे बांटे


बराड़ा। शिविर में बच्चों की जांच करते चिकित्सक एवं मौजूद अभिभावक।

- शारीरिक एवं मानसिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

स्वास्थ्य विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत शारीरिक एवं मानसिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए जिला स्तरीय मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान कर उन्हें उचित उपचार उपलब्ध कराना था। यह आयोजन एसएमओ डॉ. तरुण प्रसाद तथा डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. बलजिंदर कौर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर के दौरान कुल 85 बच्चों की विस्तृत स्वास्थ्य जांच की गई। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बच्चों की आंखों, हड्डियों, पोषण स्तर, मानसिक विकास तथा अन्य सामान्य बीमारियों का गहन परीक्षण किया। जांच उपरांत 60 बच्चों को मौके पर ही निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए।

### अस्पतालों में कराया जा रहा है नि:शुल्क इलाज

डॉ. बीरबल ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जन्मजात गंभीर बीमारियों से ग्रसित बच्चों का इलाज भी सरकारी नीतियों के अनुसार सूचीबद्ध अस्पतालों में पूरी तरह निःशुल्क कराया जा रहा है। दिल में छेद जैसी गंभीर समस्याओं वाले बच्चों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है। गंभीर मामलों को तुरंत जिला नागरिक अस्पताल रेफर किया जाता है, ताकि समय पर समुचित उपचार सुनिश्चित हो सके। चिकित्सकों ने अभिभावकों को बच्चों के पोषण, नियमित स्वास्थ्य जांच और मानसिक विकास के संबंध में भी जागरूक किया। इसी क्रम में गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के कंप्यूटर एप्लीकेशन एंड मैनेजमेंट विभाग द्वारा सुखपाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में "आधुनिक युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसः करियर अवसरों के द्वार" विषय पर कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# गुरु ग्रंथ साहिब विद्या केंद्र में मनाया गया प्रकाश पर्व


अंबाला। प्रकाश पर्व के दौरान गुरु ग्रंथ साहिब विद्या केंद्र सेवा समिति के बच्चे।

**अंबाला।** गुरु ग्रंथ साहिब विद्या केंद्र सेवा समिति बहबलपुर द्वारा साहिबजादा बाबा अजीत सिंह का जन्म दिवस श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अरदास और कीर्तन से हुई। इस अवसर पर हरप्रीत सिंह जत्थेदार निसानावाली बुढ़ादल ने संगत को संबोधित करते हुए बाबा अजीत सिंह के जीवन इतिहास पर प्रकाश डाला। बाबा अजीत सिंह का जन्म 11 फरवरी 1687 को श्री गुरु गोबिंद सिंह के घर श्री पांवटा साहिब में हुआ। जन्म के समय गुरु गोबिंद सिंह युद्ध जीतकर लौट रहे थे। पुत्र के दर्शन कर गुरु ने उनका नाम 'अजीत' रखा और आशीर्वाद दिया कि कोई भी उन्हें शस्त्रों से जीत नहीं सकेगा। बाबा अजीत सिंह को गुरबाणी की शिक्षा माता गुजरी से प्राप्त हुई तथा शस्त्र विद्या की शिक्षा स्वयं गुरु गोबिंद सिंह से मिली। खालसा पंथ की स्थापना के समय उन्होंने खंडे की पाहुल ग्रहण कर 'अजीत' से 'अजीत सिंह' का स्वरूप धारण किया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा भावपूर्ण कीर्तन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में संस्था की प्रधान बीबी भूपेन्द्र कौर, सचिव डॉ. महान सिंह सहित बलजीत सिंह, इकबाल सिंह, गुरचरण सिंह, सुखविंदर सिंह, सरूप सिंह व अन्य संगत उपस्थित रही।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

# पेंशन काटकर बुजुर्गों का हक छीन रही है प्रदेश सरकार: बृजेंद्र सिंह

- सद्भाव यात्रा के दौरान पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने फिर बोला भाजपा सरकार पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना

पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व में निकाली जा रही ऐतिहासिक "सद्भाव यात्रा" 130 वें दिन में प्रवेश कर चुकी है। बुधवार को सद्भाव यात्रा मुलाना के नोहनी के रविदास मंदिर से शुरु हो कर मुख्य बाजार, साहा , मुलाना, ढकोला, बिहटा, शेरगढ़, नगला जाटान, नारयणा माजरा, बजीदपूर, से हो कर केसरी में इस का समापन हुआ। स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। यहां आयोजित जनसभा में बृजेंद्र सिंह ने प्रदेश में बुजुर्गों के सम्मान और अधिकारों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया और सरकार की नीतियों पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बुजुर्गों के साथ पेंशन के नाम पर गहरी साजिश और अन्याय किया जा रहा है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि बुजुर्गों को कागजों के नाम पर परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर यही स्थिति रही तो आगे बुजुर्गों को अपनी उम्र साबित करने के लिए अजीबोगरीब जांच प्रक्रियाओं से भी गुजरना पड़ सकता है। परिवार पहचान पत्र या परिवार की अन्य सुविधाओं के आधार पर बुजुर्गों की पेंशन काटना पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। बृजेंद्र सिंह ने जोर देकर कहा कि यह सिर्फ पेंशन नहीं बल्कि बुजुर्गों के सम्मान की राशि है।


मुलाना। सद्भाव यात्रा के दौरान पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह व अन्य।

# तहसीलों में सुचारू नहीं हो पाया काम, भटकते रहे लोग

- तहसील में लोग अपने अन्य कार्य करवाने के लिए पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

जिला की तहसीलों व उप तहसीलों में बुधवार को भी कार्य नहीं हो सका। हालांकि हड़ताल खत्म होने के बावजूद तहसीलदार व नायब तहसीलदारों के कक्षों में चहल पहल नहीं दिखी। हालांकि तहसील में लोग अपने अन्य कार्य करवाने के लिए पहुंचे थे। सरकार की ओर से रजिस्ट्री का कार्य प्रभावित न हो, इसके लिए एसडीएम व डीआरओ की जिम्मेदारी लगाई थी, मगर मौके पर पड़ताल की तो पता चला कि इस प्रकार के कोई निर्देश स्टाफ के पास नहीं आए। विभागीय अधिकारियों की मानें तो जिला में 570 से अधिक रजिस्ट्री अटकी हुई हैं। बुधवार को लंबित रजिस्ट्री पर काम हुआ है। हालांि इंतकाल और लोन से जुड़ी कागजी कार्यवाही की भी एक लंबी सूची है। बता दें कि तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों की हड़ताल खत्म करने को लेकर सहमति बनने के बावजूद अभी तक विभागों में काम पूरी तरह सुचारू नहीं हो पाया है। पांच दिन तक चली तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों की हड़ताल का असर साफ तौर पर देखा जा सकता है। अंबाला छावनी व अंबाला शहर तहसील में लोग रजिस्ट्री व अन्य कार्यों को लेकर भटकते नजर आए।

### राजस्थान में जमीन दिलाने के नाम पर 20 लाख रुपये की धोखाधड़ी

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी पुलिस ने राजस्थान में जमीन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी से पैसे हडपने के मामले में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 20 लाख रूपये हड़पने वाले शातिर आरोपी को जोधपुर (राजस्थान) से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बनवारी लाल निवासी गांव कुंदन थाना दादिया तहसील जिला सीकर राजस्थान के रूप में हुई है। पुलिस जांच में आरोपी के खिलाफ राजस्थान व हरियाणा में धोखाधड़ी से सम्बधित लगभग 26 मामले दर्ज होने पाए गए है। अब तक की जांच में सामने आया है कि आरोपी इस प्रकार की धोखाधड़ी से रिटायर्ड कर्मचारियों को अपना शिकार बनाता था।

## पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुज्जर ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को दी श्रद्धांजलि

# पंडित दीनदयाल के विचार सामाजिक जीवन के लिए प्रेरणास्रोत

*पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रमुख भारतीय जनसंघ के प्रमुख नेताओं में से थे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय "अंब कमल" में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में "समर्पण दिवस" संगोष्ठी का आयोजन किया गया। समर्पण दिवस" संगोष्ठी हेतु जिला वक्ता के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवलपाल गुज्जर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि के साथ हुई। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके जीवन, विचारों और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण को नमन किया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवलपाल गुज्जर ने पंडित के "एकात्म मानववाद" के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका विचार दर्शन अब भी भारतीय राजनीति और समाज जीवन के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक प्रमुख राजनीतिक चिंतक, अर्थशास्त्री और भारतीय जनसंघ के प्रमुख नेताओं में से थे। वे अपने दार्शनिक सिद्धांत 'एकात्म मानव दर्शन' के लिए विशेष रूप से जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी विचारधारा का मूल आधार यह था कि विकास केवल भौतिक प्रगति तक सीमित न रहकर भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने व्यक्ति, समाज और प्रकृति के बीच संतुलन और सामंजस्य पर जोर दिया। उनके अनुसार, आर्थिक नीतियों का उद्देश्य केवल उत्पादन और उपभोग बढ़ाना नहीं, बल्कि मानव के समग्र विकास को सुनिश्चित करना होना चाहिए।


अंबाला। पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि देते पूर्व मंत्री व कार्यकर्ता।

### महान विचारक बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की

जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने उन्हें निस्वार्थ कर्मयोगी और महान विचारक बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि एकात्म मानव दर्शन के माध्यम से दिया गया "अंत्योदय" का मंत्र समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की प्रेरणा देता है जो विकसित भारत के निर्माण की बुनियाद है। राष्ट्र सेवा और समर्पण के उनके आदर्श सदैव मार्गदर्शन करते रहेंगे। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष जगमोहन लाल कुमार ,राजेश बतौरा व सुशील अग्रवाल, रमेश पाल नहौनी, जिला महामंत्री जिला विवेक गुप्ता व करमचंद गोल्डी सैनी, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, बूथ स्तर के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।